Estd. 1961
वर्ष - 11 अंक 1
मूल्य - रु. 1/-
जुलाई-सितंबर 2021

# हिम चेतना

## HIM CHETANA

(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई. से संबद्ध)
Website : www.hindimahavidyalaya.org
E-mail : info@hindimahavidyalaya.org

विशेषांक

हिन्दी महाविद्यालय का मुखपत्र
(त्रैमासिक)

# वार्षिक रिपोर्ट

## आय-व्यय विवरण - 2020-2021









## साधारण सभा

[illegible]वार दि. 09-10-2021,
4 [illegible] महाविद्यालय में

## हिन्दी महाविद्यालय

(AUTONOMOUS & NAAC-REACCREDITED)
जूनियर, डिग्री एवं पी.जी. कॉलेज
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम)
M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT
नल्लाकुंटा, युनिवर्सिटी रोड, शंकर मठ के समीप, हैदराबाद-५०००४४
फोन : 040-27616330

# हिन्दी महाविद्यालय समिति

अध्यक्ष
सुरेंद्र लूणिया

उपाध्यक्ष
कमलनारायण अग्रवाल

मानद मंत्री
लक्ष्मीनिवास शर्मा

संयुक्त मानद मंत्री
सुरेशचंद्र लाहोटी

कोषाध्यक्ष
श्यामसुंदर मूंदड़ा

## सदस्य

01. पद्मश्री डॉ.टी.वी. नारायण
02. गोविंद राठी
03. शीलकुमार जैन
04. पद्मश्री जगदीश मित्तल
05. डॉ. चंद्रप्रकाश चौहान
06. जयदेव बल्दवा
07. किशोर संचेती
08. सोहनलाल कडेल
09. दयानिवास शर्मा
10. सुशील कपाड़िया
11. प्रदीप दत्त

डॉ. वाई.वी. राव
(Principal H.M.V.)

## गवर्निंग काउंसिल कॉलेज (स्वायत्त)

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरेंद्र लूणिया<br>अध्यक्ष | कमलनारायण अग्रवाल<br>उपाध्यक्ष | | लक्ष्मीनिवास शर्मा<br>मानद मंत्री |
| सुरेशचंद्र लाहोटी<br>संयुक्त मानद मंत्री | श्यामसुंदर मूंदड़ा<br>कोषाध्यक्ष | डॉ. मंजुला राणा<br>(यू.जी.सी. नॉमिनी) | डॉ. जी. यादगिरी<br>(स्टेट गवर्नमेंट नॉमिनी) |
| डॉ.डी. श्रीरामुलु<br>(यू.जी.सी. नॉमिनी) | डॉ. वाई. वी. राव<br>(प्राचार्य) | डॉ. डी.वी.जी वृष्णा<br>(सदस्य) | श्रीमती ज्योति हस्तक<br>(सदस्य) |

## M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT

SURENDRA LUNIA
(President)

KAMAL NARAYAN AGRAWAL
(Vice-President)

LAXMINIVAS SHARMA
(Secretary & Correspondent)

SURESH CHANDRA LAHOTI
(Joint Secretary)

SHYAM SUNDER MUNDADA
(Treasurer)

### MEMBERS

1. Dr. T.V. Narayan
2. Sri Hemanth Kumar
3. Sri Daya Nivas Sharma
4. Dr. Chandraprakash Chauhan
5. Dr. Ch. Sudeep, I/c Principal

# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| 1. अनुक्रमणिका | 01 |
| 2. सूचना एवं कार्यसूची | 02 |
| 3. हमारे लक्ष्य | 03 |
| 4. दृष्टि 2030 | 04 |
| 5. संस्थाध्यक्ष की कलम से | 05 |
| 6. वार्षिक रिपोर्ट | 07 |
| 7. एम.सी. गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट रिपोर्ट | 21 |
| 8. महाविद्यालय का वार्षिक आय-व्यय विवरण | 25 |
| 9. विद्यार्थियों की संख्या | 31 |
| 10. प्राध्यापक एवं अन्य स्टॉफ विवरण | 33 |

# सूचना

हिन्दी महाविद्यालय समिति की साधारण सभा शनिवार दिनांक 9/10/2021 को मध्याह्न 4 बजे महाविद्यालय में संस्थाध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श और निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**विषय सूची**

1. गत बैठक की कार्यवाही स्वीकृत करना।
2. हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2020-2021 की वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।
3. महाविद्यालय का वर्ष 2020-21 का आय-व्यय विवरण स्वीकृत करना।
4. महाविद्यालय के लेखा-परीक्षक की नियुक्ति वर्ष 2021–22 के लिए
5. स्व. श्रीमती चंपाबाई राठौड़ धर्मपत्नी स्व. श्री के.एस. राठौड़ द्वारा उपहार में दिए गए नामपल्ली के घर की बिक्री की पुष्टि।
6. वर्ष 2021-2024 के लिए पदाधिकारियों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों का चुनाव।
7. अन्य विषय - अध्यक्ष की अनुमति से-

कोरम के अभाव में साधारण सभा आधे घंटे के पश्चात महाविद्यालय में होगी।

हैदराबाद

लक्ष्मीनिवास शर्मा

मानद मंत्री

दिनांक : 20-09-2021

# हमारे लक्ष्य

01) उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तथा उष्मायन केंद्रों का निर्माण करना।

02) अभिनव शिक्षाशास्त्र और शिक्षा सुधारों को माध्यम से छात्र केंद्रित शिक्षा ग्रहण करने का परिवेश प्रदान करना।

03) सहयोग और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना।

04) उद्योग संस्थान की भागीदारी को बढ़ावा देना और नवाचार तथा विकास के लिए ज्ञान साझा करना।

05) महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान और वृद्धि के लिए समाज विकास कार्यक्रम आयोजित करना।

06) युवाओं के बीच नेतृत्व गुणों को बढ़ाने और व्यक्तित्व लक्षणों को समृद्ध करने के लिए देशभक्ति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना।

# Our Mission

1. To create excellent infrastructure facilities and state-of-the-art laboratories and incubation centers.
2. To provide student-centric learning environment through innovative pedagogy and education reforms.
3. To encourage research and entrepreneurship through collaborations and extension activities.
4. To promote industry-institute partnership and share knowledge for innovation and development.
5. To organize society development programs for knowledge for innovation and development.
6. To organize society development programs for knowledge enhancement in thrust areas.
7. To enhance leadership qualities among the youth and enrich personality traits, promote patriotism and moral values.

# दृष्टि 2030

हिन्दी महाविद्यालय वैश्विक मानकों में उच्च शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व गुणों, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान संस्कृति और नवीन कौशल के साथ उत्कृष्ट मानव संसाधन विकसित करके एक अभिनव संस्थान बनने की इच्छा रखता है।

1. उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और ऊष्मायन केंद्रों का निर्माण करने में सक्षम है।
2. अभिनव शिक्षाशास्त्र और शिक्षा सुधारों के माध्यम से छात्रों को केंद्र में रखते हुए सीखने का परिवेश प्रदान करना ओर रोजगार में वृद्धि करना।
3. सहयोग और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना तथा प्रोद्योगिकी अनुप्रयोग को प्रोत्साहित करना।
4. औद्योगिक संस्थानों की साझेदारी को बढ़ावा देना तथा नवाचार और विकास के लिए ज्ञान साझा करना।
5. महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान वृद्धि के लिए समाज विकास संबंधी कार्यक्रम आयोजित करना।
6. युवाओं के नेतृत्व की गुणवत्ता बढ़ाने और व्यक्तित्व गुणों को समृद्ध करने तथा देशभक्ति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में तत्पर।
7. संस्था और समुदाय में नैतिकता की भावना विकसित करना, तथा इन्हें समाज और राष्ट्र के लिए अपने दायित्वों के प्रति जागरुक बनाना।
8. प्रतिस्पर्धी तरीके से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अन्य सेवाएँ प्रदान करने और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्वीकरण की चुनौतियों को स्वीकार करना।



श्री सुरेंद्र लूणिया

अध्यक्ष

# संस्थाध्यक्ष की कलम से ...

मान्यवर, महोदय

सभी हिन्दी प्रेमियों को नमस्कार,

हिन्दी महाविद्यालय समिति द्वारा स्थापित हिन्दी महाविद्यालय ने विगत 60 वर्षों से नये-नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रारंभिक वर्ष में मात्र 9 विद्यार्थियों से शुरू होकर आज महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगभग 1,300 तक पहुँच गयी है। आरंभ में केवल पीयूसी एवं बाद में हिन्दी माध्यम से बी.ए., बी.कॉम व बी.एस.सी की कक्षाएँ प्रारंभ हुई। हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की यह दक्षिण भारत की प्रथम एवं अनूठी संस्था है। समयानुसार छात्रों की आवश्यकता एवं भविष्य को देखते हुए प्रबंध समिति ने अंग्रेजी माध्यम से भी शिक्षण व्यवस्था प्रारंभ करने का निर्णय लिया, लेकिन हमने अपने मूल आधार में परिवर्तन नहीं किया। इंटर, बी.ए., बी.कॉम एवं एम.ए. की कक्षाएँ हिन्दी माध्यम से ही चल रही हैं और हम इन्हें शाश्वत् चलाते रहेंगे।

यह बड़े ही खेद की बात है कि हिन्दी माध्यम में छात्रों की संख्या बिल्कुल न के बराबर रह गई है। निरंतर प्रयासों के बाद भी स्थिति यथास्थिति है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पहले लगभग 90 से 100 तक हिन्दी माध्यम के विद्यालय प्राइमरी से मैट्रिक तक चल रहे थे। अब इनकी संख्या मात्र 7-8 रह गई है। अवश्यंभावी रूप से हिन्दी माध्यम के स्कूलों को आर्थिक सहयोग भी यहाँ से दिया जाता रहा है। बावजूद इसके भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

इस समय महाविद्यालय में हिन्दी माध्यम के अतिरिक्त अंग्रेजी माध्यम से डिग्री स्तर के 10 कोर्स एवं पी.जी. स्तर पर एम.कॉम. एम.एस सी (मैथ्स) एवं एम.एस सी (अप्लाइड

स्टैटिसटिक्स) की कक्षाएँ चल रही हैं। विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आपको यह जानकार प्रसन्नता होगी कि हमारा यह महाविद्यालय स्वायत्त महाविद्यालयों में से एक है। आपके सहयोग से निकट भविष्य में हम और भी आगे बढेंगे।

इस वर्ष महामारी की वजह से भवन की आय पर भी काफी असर पड़ा है। बहुत से किरायेदार खाली करके चले गए हैं, जिससे बहुत सारी जमाराशि प्रभावित हुई और उसकी पूर्ति करने के लिए जमाराशि को किराए में परिवर्तित कर इस नुकसान की भरपाई की गई। स्थिति थोड़ी सुधरने के बाद अब कुछ किरायेदार आना शुरू हुए हैं।

महाविद्यालय में हम बी-वोकेशनल क्षेत्र में रोजगार मूलक शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सेवाओं में महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास, क्रिकेट कोचिंग अकादमी, आधुनिक जिम, सुसज्जित कंप्यूटर प्रयोगशालाएँ, विशाल, पुस्तकालय के साथ आउट डोर स्टेडियम भी सम्मिलित हैं।

कक्षाओं की आवश्यकता बढ़ जाने से लगभग 30,000 फुट के भवन के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इस कार्य हेतु एक आर्थिक सहयोग योजना बनाई गई हैं, जिसमें सभी लोगों से मुक्त हृदय से भाग लेने की अपील करता हूँ। इस योजना में दानदाता का नामांकन करने का भी विचार किया गया है। यह संस्था नित नए कीर्तिमान स्थापित कर नगरद्वय में अपना गौरव बढ़ाये यही हमारा ध्येय है।

-सुरेंद्र लूणिया



श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा
मानद मंत्री

# हिन्दी महाविद्यालय

## वार्षिक रिपोर्ट 2020-21

माननीय सदस्यगण
नमस्कार,

आपकी सेवा में हिन्दी महाविद्यालय समिति एवं संबंधित शिक्षण संस्थाओं की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है।

### कार्य विवरण

संपूर्ण विश्व कोविड-19 की महामारी से त्रस्त है यह महामारी फरवरी 2020 से प्रारंभ हुई और अभी तक चल रही है। इस भयंकर बीमारी ने देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था एवं शैक्षणिक व्यवस्था को भी बुरी तरह से प्रभावित किया है। अब हमें इसके अनुरूप ही चलना, ढलना एवं कार्यप्रणाली को व्यवस्थित करना होगा। सरकार तथा अन्य संगठन कोविड की तीसरी लहर के आने की भी आशंका जता रही हैं।

पिछले वर्ष सरकार द्वारा जो शिक्षानीति स्वीकृत की गई है वह प्रगतिशील है। हमारा महाविद्यालय भी इसे आत्मसात करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

महाविद्यालय में लगातार पिछले 60 वर्षों से हिन्दी माध्यम से जूनियर, डिग्री एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ चलाई जा रही हैं।

समय की माँग एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए विगत कुछ वर्षों से महाविद्यालय के नाम में परिवर्तन किए बिना हमने अंग्रेजी माध्यम से भी डिग्री एवं पी.जी. स्तर पर नए कोर्स प्रारंभ किए हैं। महाविद्यालय के स्वायत्त बनने के बाद शिक्षण व्यवस्था में प्रगति हुई है, इससे परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। इसके कारण विद्यार्थियों की भी संस्था में वृद्धि हो रही है। अभी हम अपने लक्ष्यों से दूर हैं, परंतु मुझे विश्वास है कि आपका सहयोग हमें प्रेरित करेगा। आने वाली नई पीढ़ी पर यह जिम्मेदारी है कि इस संस्था को

शताब्दी वर्ष तक ले जाएँ और इसे विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करें। यह गौरव का विषय है कि हमारे महाविद्यालय को राज्य भर में स्वायत्त महाविद्यालयों में उच्च स्थान प्राप्त है। हमें राज्य में प्रथम आने के लिए तथा राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहना है।

पिछले वर्ष महाविद्यालय में कक्षाएँ मुख्यत: ऑनलाइन ही चलायी गयी। परीक्षाएँ भी ऑनलाइन माध्यम से ही ली जा रही हैं।

**वर्ष 2020-21 संस्था की आय-व्यय का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है।**

| | 31-3-2020 | 31-3-2021 |
|---|---|---|
| कुल आय | 2,83,54,299 | 2,13,79488 |
| कुल व्यय | 2,16,57547 | 1,45,64,054 |
| कुल शुद्ध बचत | 66,96,752 | 68,29,869 |

वर्ष की बचत को समिति के कार्पस फंड में जमा किया गया है।

# महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ

## 1. एच.एम. वी. गर्ल्स हॉस्टल

28 जनवरी 2007 में प्रारंभ किया गया यह हॉस्टल महाविद्यालय एवं अन्य छात्राओं को उच्च स्तरीय सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। इस समय महाविद्यालय की 44 छात्राएँ तथा अन्य 55 छात्राएँ इस सुविधा का लाभ उठा रही हैं। वर्ष 2020-21 में छात्रावास कोविड के कारण बंद रहा।

## 2. एच.एम.वी. ब्वायज हॉस्टल

महाविद्यालय परिसर में निर्मित आउट डोर स्टेडियम के निचले भाग में ब्वायज हॉस्टल का निर्माण किया गया है। सभी सुविधाओं से निर्मित इस हॉस्टल में वर्ष 2020-21 में 27 छात्रों ने कुछ समय के लिए इसका उपयोग किया है।

## 3. एन.सी.सी.

महाविद्यालय में करीब 3 दशकों से इन सेवाओं को निरंतर प्रदान किया जा रहा है। लगभग प्रत्येक वर्ष यहाँ के कैडेट अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2020-21 में 160 छात्र-छात्राओं ने यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त किया। तीन (03) कैडेट तेलंगाना स्टेट पुलिस में भर्ती हुए। एक कैडेट

का चयन नौसेना में, एक का चयन आर्मी में तथा एक ऑफिसर अधिकारी के रूप में नौसेना में पदस्थ हुआ। फरवरी माह में महाविद्यालय में आयोजित 10 दिन के कैंप में विभिन्न कॉलेजों के छात्र कैडेट्स ने भाग लिया।

## 4. एन.एस.एस.

सामुदायिक योजनाओं में एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं ने समाजोपयोगी कार्यों में अपनी भागीदारी सफलता पूर्वक निभाई है। दिनांक 7 मई 2021 को महाविद्यालय के एनएसएस के छात्र कोरोना महामारी की रोकथाम हेतु एक दिन के लिए रामलिंगमपल्ली गाँव में गए, जहाँ पर उन्होंने गाँव के सरपंच रामुलु नायक की मदद से 150 गाँव के लोगों में कोविड-19 रोगप्रतिरोधक क्षमता किट वितरित कीं। छात्रों के नाम निम्नलिखित हैं- 1. ई. विनय कुमार, 2. ई. महेश बाबू, 3. अभिषेक राय, 4. बी. शशांक, 5. शशिधर

## 5. क्रिकेट कोचिंग अकादमी

वर्ष 1999-2000 में स्थापित इस अकादमी ने अपने दो दशक पूर्ण कर लिए हैं। इस वर्ष भी करीब 100 युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यहाँ के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना लोहा मनवा चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं प्रतीक रेड्डी तथा साई प्रग्ना रेड्डी जिन्होंने रंजी ट्रॉफी के लिए प्रवेश किया है।

## 6. पुस्तकालय

महाविद्यालय के इस विशाल पुस्तकालय में करीब 39882 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस वर्ष पुस्तकालय का डीजिटेलाईजेशन भी लगभग पूर्ण हो चुका है। इस वर्ष 519 पुस्तकें क्रय की गई। वर्ष 2020-21 में 71 नई पुस्तकों का समावेश पुस्तकालय में हुआ।

## 7. कंप्यूटर लैब

वाणिज्य कंप्यूटर लैब व अंग्रेजी कंप्यूटर लैब में वर्तमान में 150 कंप्यूटर की व्यवस्था है। इस वर्ष इंटरनल परीक्षा भी ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। लैब में विभिन्न विषयों का अध्ययन सफलतापूर्वक किया जाता है।

## 8. प्रवेश एवं विद्यार्थियों की संख्या

वर्ष 2020-2021 में इंटर, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के कुल 564 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया एवं कुल संख्या 1284 है।

## 9. परीक्षा विभाग

महाविद्यालय के स्वायत्त होने के कारण नियमानुसार पृथक परीक्षा विभाग का होना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार प्रश्नपत्र बनवाना, मूल्यांकन एवं सुचारू रूप से परीक्षाओं का संचालन कर विश्वविद्यालय की स्वीकृति के पश्चात् ही परिणाम घोषित किया जाता है।

## 10. सौर ऊर्जा की व्यवस्था

बिजली व्यय कम करने के उद्देश्य से एवं ग्रीन ऊर्जा प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में इसका प्रबंध कुछ सीमा तक कर लिया गया है।

## 11. बोर्ड ऑफ स्टडीज़

स्वायत्तता प्राप्ति के पश्चात महाविद्यालय के सभी विभाग स्वतंत्रता पूर्वक बोर्ड ऑफ स्टडीज़ में पाठ्यक्रम के साथ कौशल तथा रोजगार उन्मुख परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं एवं इंडस्ट्रियल पार्टनर के साथ विचार-विमर्श कर उनकी राय को आत्मसात करते हुए उसको भी परिवर्तनानुसार पाठ्यक्रम में रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## 12. व्याख्यान सेमिनार एवं अन्य कार्यक्रम

महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न विषयों में अतिथि व्याख्यान, सेमिनार एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। महामारी के इस काल में समयानुसार एवं सुविधानुसार वेबिनार (तरंग संगोष्ठियों) का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन सबका पृथक विवरण दिया गया है। विद्यार्थियों की कुल संख्या, कार्यरत प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा परीक्षा परिणाम पृथक रूप से दिए गए हैं।

# महाविद्यालय में आयोजित गतिविधियाँ

## विश्व पर्यावरण दिवस को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन

महिला काव्य मंच के तत्वावधान में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस को समर्पित एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. आर. सुमनलता, अवकाश प्राप्त रीडर, हिन्दी महाविद्यालय ने की। गोष्ठी में युवा एवं वरिष्ठ कवयित्रियों ने सुंदर जुगलबंदी प्रस्तुत की। डॉ. अर्चना पांडे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपने कर्त्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होकर प्रकृति का संरक्षण एवं परिवर्धन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना पांडेय ने किया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत डॉ. सुरभि दत्त की कविता 'प्रकृति करो कल्याण' से हुई।

नीलाबंर छूते सघन, तरु वृक्ष खगेंद्र, बहुत ही ध्वन्यात्मक कविता रही। डॉ. अर्चना पांडे द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें गंगा घाट नामक कविता में नदी तट का वर्णन प्रस्तुत किया गया तथा पर्यावरण के लिए नदी की महत्ता दर्शाया गया। अदिति सरार ने अंग्रेजी कविता के माध्यम से प्रकृति की व्यथा का वर्णन किया तथा हमारे कर्तव्य से सचेत किया। वैशाली सिसोदिया ने अपनी कविता में घर तथा बाहर स्वच्छता रखकर प्रकृति को समझने की बात कही। अनुसनी दस्तक नामक कविता सोमाली यादव ने प्रस्तुत की। ये खूबसूरत वादियाँ और इनका ऊंची इमारतों के निर्माण हेतु वृक्षों के काटने तथा प्रकृति से खिलवाड़ पर डॉ. पुष्पा सिंह की कविता केंद्रित रही। प्राकृतिक आपदाओं के कहर तथा मजदूर की व्यथा पर आधारित रही अनुराधा पांडे की कविता 'मजदूर तुम लौट कर आना' यह कविता समसामयिक तथा पर्यावरण के प्रकोप पर आधारित थी। डॉ. सुमनलता ने अपनी कविता में प्रकृति तथा पर्यावरण के असंतुलन के लिए जिम्मेदार अर्थशास्त्रियों तथा धर्मशास्त्रियों की विचारधाराओं का तुलनात्मक अध्ययन कविता के रूप में प्रस्तुत किया।

## स्वतंत्रता दिवस मनाया

स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत से हुआ। महाविद्यालय के मानद मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने ध्वजारोहण किया। लाइब्रेरियन अर्चना जोशी ने सभी को राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञाबद्ध कराया। लक्ष्मीनिवास शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए सभी को कर्त्तव्यों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सभी को देश और तिरंगे का सम्मान करना चाहिए। संस्थाध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर मूंदडा ने बधाई संदेश के माध्यम से अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ. पी. उमा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए संस्था के गौरवपूर्ण इतिहास का जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उप-प्रचार्य अश्विनी सनपूरकर ने किया।

## राष्ट्रीय तरंग गोष्ठी आयोजित

14 सितंबर को हिन्दी दिवस के अवसर पर 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी का स्वरूप' विषय पर राष्ट्रीय तरंग गोष्ठी (वेबीनार) का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एस.वी.एस. नारायण राजू डीन तमिलनाडु विश्वविद्यालय विशेष अतिथि प्रो. सत्यकाम समकुलपति इग्नू, हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणियाजी, मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी, कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी, प्राचार्य डॉ. पी. उमा, उपप्राचार्य अश्विनी सनपुरकर, डॉ. सुरभि दत्त, डॉ. मुक्तावाणी आदि उपस्थित थे। डॉ. जयलक्ष्मी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। विषय प्रवर्तन एवं संचालन डॉ. रजनी धारी ने किया। इन्होंने जन-जन की भाषा हिन्दी स्वरचित कविता का वाचन भी किया। सर्वप्रथम संस्थाध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया जी ने आशीर्वचन देते हुए हिन्दी की वर्तमान दशा पर प्रकाश डाला। मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने तेलंगाना के हिन्दी सेवियों, हिन्दी महाविद्यालय की स्थापना के उद्देश्यों एवं विश्व में हिन्दी के प्रयोक्ताओं का विवरण दिया। कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी ने हिन्दी को जन-जन की भाषा बताया, हिन्दी में हम बात करें, काम करें, तो हमें हिन्दी के विकास की प्रेरणा मिलती है। प्राचार्य डॉ. पी. उमा ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि का परिचय डॉ. जयलक्ष्मी ने दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एस.वी.एस. नारायण राव ने अपने वक्तव्य में हिन्दी को रोजगारोन्मुख बनाने की बात की। विशेष अतिथि का परिचय डॉ. पुष्पावली ने दिया। मुख्य अतिथि-प्रो. सत्यकाकाम जी ने हिन्दी के वैश्विक स्वरूप पर बहुत ही सारगर्भित वक्तव्य दिया। इन्होंने बताया की मैंने प्रेमचंद को भारतीय संस्कृति का वाहक माना है। हिन्दी ने विदेशी भाषाओं के शब्दों को समाहित कर अपना विकास किया है। धन्यवाद ज्ञापन श्री सी.पी. सिंह ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। संचालन सहयोग में श्री निमाई चरण महापात्र का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

## ऑनलाइन शिक्षा पर वेबिनार आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 25 -9-20 को वाणिज्य विभाग द्वारा ऑनलाइन शिक्षा पर एकदिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में लोयला वाणिज्य अकादमी की डीन डॉ. जैकलिन पॉल तथा अन्य वक्ता के रूप में उस्मानिया विश्व विद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. अप्पा राव (वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक तथा डीन) उस्मानिया विश्वविद्यालय, डॉ. एलिजाबेथ मैथ्यू वाणिज्य विभाग की डीन (मुंबई) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्रीमती सरिता मंत्री के स्वागत भाषण से हुआ। अपने वक्तव्य में डॉ. जैकलिन पॉल ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा में एक बात के परिप्रेक्ष्य में अनेक समस्याएँ हैं। जैसे आमने-सामने वार्तालाप की कमी, व्यावहारिक विषय को समझने में कठिनाई, तकनीकी, गड़बड़ी तथा अधिक समय तक बैठे रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ आदि। इसके साथ ही ऑनलाइन शिक्षा से होने वाली संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि

इसमें बहुत सारी सुविधाएँ भी हैं। जैसे कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की विविधता देखने को मिलेगी, कैरियर में उन्नति की संभावना बढेगी, शिक्षकों का विकास होगा। इसमें हम निर्देशात्मक रूप से पढ़ा सकते हैं। प्रो. कृष्ण कुमार ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा देखने में बहुत आसान है, लेकिन इसमें बहुत सारी चुनौतियाँ हैं जिसमें सबसे बड़ी चुनौती हैं कनेक्टिविटी का हैं। इसलिए छात्रों को कैसे जोड़ा जाए तथा इसे सफल बनाया जाए, यह सीखना और समझना होगा। प्रो. वी. अप्पाराव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जितने अच्छे से हम छात्रों को आमने-सामने पढ़ा सकते हैं उतना ऑनलाइन में नहीं। लेकिन वर्तमान परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए हमें ऑनलाइन शिक्षा को आसान बनाना होगा। डॉ. एबिजाबेथ मैथ्यू ने इस विषय पर चित्र के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक एक खुली किताब तरह हैं और तकनीकी शिक्षा बंद किताब की तरह। उन्होंने बिल गेट्स का उदाहरण देते हुए कहा कि तकनीकी सिर्फ एक उपकरण हैं। बच्चों को एक साथ काम करने और उन्हें प्रेरित करने की अवधि में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण हैं। तकनीक वह माध्यम हैं जो शिक्षा को सरल बनाती हैं परंतु फिर भी वह शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती। कार्यक्रम का कुशल संयोजन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक बी.टी. मधुसूदन तथा विभागध्यक्ष श्रीमती सरिता मंत्री के सहयोग से हुआ। बी.टी. मधुसूदन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

महाविद्यालय में दिनांक 25 -9-20 को प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया द्वारा समिति के सदस्य श्री प्रसन्नचंद भंडारी के निधन पर शोक संदेश व्यक्त करते हुए शोक सभा आयोजित की गई। तत्पश्चात् बैठक में प्रमुख रूप से प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय की हीरक जयंती समारोह तथा निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने 2019-20 का आय-व्यय का विवरण देते हुए वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। समिति के संविधान में संशोधन के लिए सदस्यों की सहमति प्राप्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया, उपाध्यक्ष श्री कमलनारायण अग्रवाल, मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, संयुक्त मानद मंत्री श्री सुरेशचंद लाहोटी, श्री गोविंद राठी, श्री किशोर संचेती, श्री जयदेव बल्दवा, श्री शील कुमार जैन, श्री प्रदीप कुमार दत्त, डॉ. चंद्रप्रकाश चौहान, श्री सोहनलाल कडेल, श्री दयानिवास शर्मा, प्राचार्य डॉ. पी. उमा तथा कार्यवाहक उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपुरकर उपस्थित थे।

## महाविद्यालय के नए प्राचार्य रूप में डॉ. वाई.वी. राव ने पदभार संभाला

महाविद्यालय में दिनांक 19-10-20 को डॉ. वाई. वी. राव ने नए प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य तथा एम.सी. गुप्ता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पी. उमा ने नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया तथा अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय के प्रति अनुभव भी साझा किया। इस अवसर

पर अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया ने नवनियुक्त प्राचार्य को शुभकामनाएँ दी तथा सभी से सहयोग की अपेक्षा की। मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने नवनियुक्त प्राचार्य का परिचय देते हुए शुभकामनाएँ दी।

## 'ट्रेडिशनल डे' पर बतुकम्मा का आयोजन

हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 19-10-20 को महाविद्यालय के प्रांगण में दशहरा व बतुकम्मा के उपलक्ष्य में ट्रेडिशनल डे का आयोजन धूम-धाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती लहरी की सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर गरबा तथा डांडिया का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ने भाग लिया। अवसर पर नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव, पूर्व प्राचार्य डॉ. पी. उमा, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय समिति की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

महाविद्यालय समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 30 अक्तूबर को मध्याह्न 4 बजे महाविद्यालय परिसर में किया गया। सभा की अध्यक्षता श्री सुरेंद्र लूणिया ने की। सभा के प्रारंभ में समिति से संबंधित सदस्यों के दु:ख निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिनमें प्रमुख श्री प्रसन्न भंडारी एवं श्री बी.के. पोकरणा। सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री सुरेंद्र लूणिया ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति का उल्लेख करते हुए इसका श्रेय समिति सदस्यों, शुभचिंतकों एवं स्टॉफ को दिया। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए भावी योजनाओं की जानकारी दी।

मानदमंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी ने वार्षिक सभा का कार्य विवरण एवं वर्ष 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसे सर्वसम्मति पारित किया गया। श्री शर्मा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति नैक एवं ऑटोनॉमी संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय ने स्वायत्तता प्राप्त कॉलेजों में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने कहा इस प्रगति पथ में हमें प्रथम आने का लक्ष्य बनाना है। सदस्यों ने इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने वर्ष 2019-20 के वार्षिक आय-व्यय वितरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की आर्थिक स्थिति को और भी मजबूत बनाते हुए हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर होना है। संविधान संशोधन से संबंधित एजेंडा को अगली बैठक तक के लिए स्थगित किया गया एवं श्री सुरेंद्र लूणिया जी ने प्रस्ताव रखा कि उस समय तक के लिए वर्तमान कार्यसमिति को यथावत रखा जाए, सभी सदस्यों ने इस पर अपनी सहमति प्रकट की। सभा की समाप्ति कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा के आभार प्रदर्शन के साथ हुई।

# महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 7 नवंबर को हिन्दी महाविद्यालय द्वारा, प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव के निर्देशन में 'फैकल्टी डेवलपमेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वेबिनार (तरंग गोष्ठी) के माध्यम से प्रात: 9.30 से अपराह्न 1.30 बजे तक संचालित हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. वाई.वी. राव ने 'टीचिंग और लर्निंग में दूरसंचार एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर व्याख्यान दिया। इसके अंतर्गत इन्होंने शिक्षा के लक्ष्य उद्देश्य शिक्षण और अधिगम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।

दूसरे सत्र में श्रीकृष्णा मोहनदास ने 'साइंस और टेक्नॉलॉजी में टेक्नालजी डेवलपमेंट' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया इसके अंतर्गत इन्होंने टेक्नालॉजी की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में श्री पी.के. थामस ने 'टीचिंग ऐंड पैडागागी' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसमें शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए, शिक्षण विधियों के प्रयोग को उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया। ऑनलाइन शिक्षण की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में डॉ. यारिब कुरैशी ने 'साइंटिफिक रिसर्च' की प्रक्रिया को बहुत ही व्यवस्थित ढंग से उदाहरण के माध्यम से समझाया तथा शोध कार्य हेतु फंड देने वाली संस्थाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इस वेबीनार में मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, एवं सभी प्राध्यापकों ने भाग लिया। यह वेबिनार शिक्षण एवं शोधकार्य के लिए अभिप्रेरणादायी रहा।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

महाविद्यालय में दिनांक 8-11-20 को प्राचार्य डॉ. वाई. वी. राव के निर्देशन में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम हैदराबाद की ट्रेनर और सलाहकार श्रीमती डिंपल मेहता द्वारा प्रभाषी शिक्षण विधियाँ पर शिक्षाशास्त्र विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।श्रीमती मेहता ने अपने व्याख्यान के माध्यम से शिक्षण के विभिन्न तरीकों तथा उनसे होने वाले लाभ पर विषद चर्चाकी। तत्पश्चात बेंगलुरू आरआईसीएम के क्षेत्रीय निर्देशक डॉ. एस.ए.सिद्धांती ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का नया स्वरूप और शिक्षकों की भूमिका एनईपी 2020 विषय पर अपने विचार व्यक्त किए तथा नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बेंगलुरू के सलाहकार प्रोफेसर इविन अब्राहम द्वारा 'शिक्षकों के लिए प्रभावी संचार' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव ने परामर्श विषय पर चर्चा की गयी, जिसका महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों ने लाभ उठाया।

## चिन्ना बतिनी सुदीप को पी.एचडी. उपाधि

दिनांक 8-11-20को शोधार्थी चिन्ना बतिनी सुदीप ने प्रबंधन में 'रिसेंट चेंज इन कस्टमर बिहेवियर सब्जेक्ट टू टेक्नोलॉजी चेंज इन बैंकिग सिस्टम विथ रिफरेन्स टू हैदराबाद सेक्टर' विषय पर डॉ. जे.बी. रंगेश्वरा रेड्डी के निर्देशन में श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिब्रवाला यूनिवर्सिटी झंझुनू राजस्थान से पी.एच.डी. की उपाधि

प्राप्त की। वर्तमान समय में हिन्दी महाविद्यालय समिति द्वारा संचालित एम.सी. गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में अध्यापन कार्य कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

दिनांक 25-1-21 को महाविद्यालय प्रांगण में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अर्चना पाण्डेय ने सभी को मतदाता दिवस का महत्व बताते हुए राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य के लिए प्रतिज्ञाबद्ध कराया और कहा कि सभी नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि वो अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करे, जिससे देश प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा प्राचार्य ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा,प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## ७२वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया

72वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हैदराबाद चार्टड अकाउंटेंट और (इंडियन काउंसिल ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट के प्रेसिडेंट 2016-17) श्री एम. देवराज रेड्डी ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी छात्रों द्वारा प्रस्तुत परेड के साथ हुआ। रसायनशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका कु. लहरी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री एम. देवराज रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सभी के द्वारा राष्ट्रगान हुआ। वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती सरिता मंत्री ने सभी को राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञाबद्ध कराया। प्राचार्य डॉ. वाई. वी. राव ने गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी को संविधान द्वारा प्रस्तुत प्रदत्त मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा महाविद्यालय समिति के सदस्य श्री प्रदीप दत्त जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। मुख्य अतिथि का परिचय बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्राध्यापिका नीता कुलकर्णी ने दिया। अपने संबोधन में श्री एम. देवराज रेड्डी शिक्षक और छात्रों के संबंध पर चर्चा करते हुए कहा कि एक शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए, जिससे राष्ट्रनिर्माण में युवाओं का योगदान बढ़ सके। मानद मंत्री श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने मुख्य अतिथि को शॉल तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## एन.सी.सी कैंप का आयोजन

महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैंप का आयोजन 1 से 8 फरवरी 2021 तक किया गया। एन.सी.सी. कैंप के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्निेंट करनल लक्ष्मण सिंह गुसेन (अडमिन ऑफिसर 3 (टी) बी.एन.) तथा संयुक्त मानद मंत्री जे. भवानी शंकर (गवर्नर ऑफिस), प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपुरकर, आर्मी के अधिकारी व एन.सी.सी. कैडेट उपस्थित थे।

कैप्टन लक्ष्मण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 75 वर्ष से एन.सी.सी. अपनी सेवाएँ देश को दे रहा है और आवश्यकता पड़ने पर आर्मी को भी एन.सी.सी. के कैडेट सहायता देते हैं। जे. भवानी शंकर ने कैडेट को कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ एन.सी.सी. करना चाहिए, इससे विद्यार्थियों को अनुशासन पालन की शिक्षा मिलती है इस कैंप में एन.सी.सी. कैडेट को 'बी' तथा 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कैडेट को सुबह 8.30 से 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें कैडेट को हथियार चलाना, मैप रीडिंग, ड्रील, एफ.सी., बी.सी. आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय, अरोरा कॉलेज, अवंती कॉलेज, निजाम कॉलेज तथा उस्मानिया विश्वविद्यालय साइंस कॉलेज के कैडेट उपस्थित थे।

## हैदराबाद फेंसिंग खिलाड़ी को पुरस्कृत

दिनांक 14-2-21 को महाविद्यालय परिसर में हैदराबाद फेंसिंग असोसिएशन द्वारा सब-जूनियर अंडर-14, जूनियर-20 तथा सीनियर सलेक्शन ट्रायल के खिलाड़ियों को, मुख्य अतिथि एवं संस्थाध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हैदराबाद फिंसिंग असोसिएशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मोदानी, सचिव डॉ. एल. संदीप कुमार जाधव, कोषाध्यक्ष सागर मगर, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री श्रीराम अर्जुन, टेक्निकल ऑफिसर आकाश थापा तथा फिंसिंग के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## विशेष व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 20 फरवरी को महाविद्यालय के छात्रों के लिए 'इफेक्टिव कम्यूनिकेशन एंड कॅरियर ऑपॅर्चयूनिटी' विषय पर जॉब ओरिएंटेशन पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्याता श्री इकबाल अहमद (एच .आर. मैनजमेंट कंसलटेंट एंड एस.ए.पी. एच. सी. एम. फंक्शनल कंसल्टेंट) का परिचय प्राचार्य डॉ. वाई वी. राव ने दिया। इकबाल अहमद ने प्रीप्लेसमेंट ट्रेनिंग, वर्बल और नॉनवर्बल एनालिसिस से व्याख्यान को प्रारंभ किया। इसके पश्चात् साक्षात्कार में इनफार्मल एवं फार्मल ड्रेस कोड के महत्व को बताया एम. एन.सी. में जॉब करने के महत्व को बताते हुए स्पष्ट किया। व्यक्ति के व्यवहार के आधार पर 9 मिनट में उसके व्यक्तित्व की जाँच कर ली जाती है। इन्होंने बैठने तरीके से व्यक्तित्व के मूल्यांकन का तरीका बताया। इसके अतिरिक्त इफेक्टिव रिज्यूम की विशेषताओं का विवरण प्रस्तुत किया।

## एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

